शिव ही आधार है सारे संसार के भजन लिरिक्स

शिव ही आधार है सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए,
चक्र आवागमन का ये रुक जाएगा,
भोले महादेव की अर्चना कीजिये,
शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

तर्ज – तुम अगर साथ देने का।

मन की जो कामना है वो मिल जाएगी,
और मुरादों की बगिया भी खिल जाएगी,
शिव चरणों में अपना झुकाकर के सर,
भोले भंडारी से प्रार्थना कीजिये,
शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

लिए भक्तो जब संकट की आए घड़ी,
और मुसीबत कोई सामने हो खड़ी,
उस समय ध्यान धर भोले भंडारी का,
ये जरुरी है सुमिरण किया कीजिये,
शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

देखना नैनो की ज्योति बढ़ जाएगी,
रौशनी में कभी ना कमी आएगी,
ये करिश्मा तभी होगा ऐ साथियों,
रोज भोले के दर्शन किया कीजिये,
शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

वो है उमापति वो है गिरजास्वामी,
शिव भोले की अर्धांगिनी पार्वती,
इनका वर्णन अगर जानना होतो फिर,
वेद और शास्त्रो को पढ़ा कीजिये,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

शिव ही आधार है सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए,
चक्र आवागमन का ये रुक जाएगा,
भोले महादेव की अर्चना कीजिये,
शिव ही आधार हैं सारे संसार के,
ज्ञानी लोगो से जाकर पता कीजिए।bd।

और अधिक शिव भजन यहाँ देखें।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com